# समाचार वाणी
खबर जो करें असर !

नाशिक | Saturday, 19 September 2026


# हरियाणा : अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी शीलू बलहारा की 23 वर्षीय पत्नी ने की आत्महत्या, जांच मे जुटी पुलिस

Sanket Morankar

Published on 01 Aug 2026



हरियाणा के रोहतक जिले में अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी **शीलू बलहारा** की 23 वर्षीय पत्नी **मुस्कान** ने कथित तौर पर अपने घर में आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

मुस्कान, रोहतक के मेहम क्षेत्र की रहने वाली थीं। उनकी शादी दिसंबर 2023 में अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी शीलू बलहारा से हुई थी। दोनों के घर नवंबर 2025 में बेटे **हार्दिक** का जन्म हुआ था।

आत्महत्या के कारणों की जांच जारी

पुलिस के अनुसार, फिलहाल आत्महत्या के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है।

एक दिन पहले सोशल मीडिया पर शेयर की थी रील

जानकारी के मुताबिक, मुस्कान ने आत्महत्या से एक दिन पहले एक पंजाबी गाने पर सोशल मीडिया पर रील पोस्ट की थी। हालांकि, पुलिस ने अभी तक इस पोस्ट और घटना के बीच किसी संबंध की पुष्टि नहीं की है।

जांच पूरी होने का इंतजार

पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही आत्महत्या के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है।


DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.